27वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report

2017-18

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ

(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था)

National Academy of Ayurveda

An Autonomous organization under Ministry of AYUSH, Govt. of India

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ

National Academy of Ayurveda

27 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2017-18

(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

(An autonomous organization under Ministry of AYUSH, Govt. of India)

धन्वन्तरि भवन, मार्ग संख्या 66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली – 110026

Dhanwantari Bhawan, Road No. 66, Punjabi Bagh (West), New Delhi - 110026

विषय–सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	iv
1.	**प्रस्तावना**	1
2.	**विद्यापीठ के उद्देश्य**	1
3.	**समितियां**	2
	(i) शासी निकाय	2
	(ii) स्थायी वित्त समिति	5
4.	**विद्यापीठ के कार्य**	6
	(i) गुरु शिष्य परम्परा	6
	(ii) दीक्षान्त समारोह	14
	(iii) अध्येतावृत्ति पुरस्कार	14
	(iv) सम्मेलन/संगोष्ठियां	15
	(v) सम्भाषा कार्याशालाएं	16
	(vi) संहिता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम	17
	(vii) शोध पद्धतियों, पांडुलिपि लेखन एवं आजीविका अवसरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।	18
	(viii) प्रकाशन	18
5.	**तकनीकी रिपोर्ट** (वर्ष 2017–18 के दौरान आयोजित क्रियाकलाप)	18
	(i) बैठकें	18
	(ii) गुरु शिष्य परम्परा के पाठ्यक्रम	22
	(iii) शोध पद्धतियों, पांडुलिपि लेखन एवं आजीविका के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।	33
	(iv) संहिता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम	33

	(v) पुस्तकों का प्रकाशन/बिक्री	34
	(vi) अन्य क्रियाकलाप	35
6.	**बजट और खर्च**	38
7.	**पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन**	39
8.	**लेखे**	
	(i) 31 मार्च, 2018 तक का तुलनपत्र	44
	(ii) 31 मार्च, 2018 तक के आय एवं व्यय लेखे	45
	(iii) 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र की अनुसूचियाँ	47
	(iv) 31 मार्च, 2018 तक प्राप्तियों एवं भुगतान के लेखे	61
	(v) 31 मार्च, 2018 तक अंशदायी भविष्य निधि की प्राप्तियां एवं भुगतान लेखे, आय एवं व्यय लेखे तथा तुलनपत्र	64
	(vi) महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ	67
	(vii) आकस्मिक देयताएं और लेखाओं के संबंध में टिप्पणियाँ	68

प्राक्कथन

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आर.ए.वी.), भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त शासी संगठन है, जिसे शिक्षा की प्राचीन गुरुकुल पद्धति के माध्यम से आयुर्वेद के परम्परागत कर्माभ्यास और ग्रन्थों (मूलपाठ) के ज्ञान को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से वर्ष 1988 में स्थापित किया गया था। यहां लक्षित शिक्षार्थी आयुर्वेद के ऐसे नए स्नातक और स्नातकोत्तर होते हैं, जो परम्परागत आयुर्वेदिक कर्माभ्यास और सिद्धान्तों में स्वयं को अधिक दक्ष बनाने में रुचि रखते हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का सदस्य पाठ्यक्रम (एम.आर.ए.वी.) एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) दो ऐसे पाठ्यक्रम हैं, जिन्हें राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा आयुर्वेदिक शिष्यों को परम्परागत कर्माभ्यास एवं ग्रन्थ संबंधी ज्ञान में और अधिक निपुण बनाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रारम्भ किया गया है। अब तक लगभग 936 एवं 71 शिष्यों ने क्रमशः रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) और रा.आ.वि. का सदस्य पाठ्यक्रम
(एम.आर.ए.वी.) पूर्ण कर लिया है। वर्ष 2016–17 में लगभग 145 प्रशिक्षणार्थियों ने सी.आर.ए.वी. प्रशिक्षण को पूर्ण किया तथा सी.आर.ए.वी. प्रमाण पत्र के लिये अर्हता प्राप्त की। वर्ष 2017–18 में लगभग 125 शिष्यों को रा.आ.वि. के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) के लिए नामावली में लिया गया है और वे पूरे देश में राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा सूचीबद्ध विद्वानों के मार्गदर्शन में आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में कर्माभ्यास का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि रोगी की जांच एवं तदनंतर उपचार में प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धतियों का कम उपयोग किया जा रहा है, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ ने इस अन्तराल को महसूस करने के बाद परम्परागत नैदानिक पद्धतियों से रोगों का आयुर्वेदिक उपचार करने की कला में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरु किया है। इस कार्यक्रम में उन युवा संकायों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो चिकित्सा विषयों से संबंध रखते हैं ताकि वे अपने चिकित्सा कर्माभ्यास में प्रयोग करने के लिए ऐसी प्रणालियों में दक्ष हो जाएं। अभी तक देश में विभिन्न स्थानों पर ऐसे 17 नैदानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

आयोजित किए गए हैं। वर्ष 2017–18 में ऐसे तीन कार्यक्रम क्रमशः इंदौर, उडुपी और नाडियाड में आयोजित किये गए हैं। अभी तक लगभग 430 शिक्षकों ने इन कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

वर्ष 2017–18 के दौरान विद्यापीठ ने रजत जयंती समारोह का जश्न अपने दो दिनों के राष्ट्रीय संगोष्ठी की नियमित गतिविधि के साथ 29 मई, 2017 को मनाया। इस अवसर पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ने सराहना की थी। इस साल, संगोष्ठी 'मधुमेह के निदान, रोकथाम और प्रबंधन और इसकी जटिलताओं के लिए साक्ष्य आधारित आयुर्वेदिक दृष्टिकोण' पर आयोजित किया गया था। सेमिनार में आयुर्वेद के कई प्रतिष्ठित अधिकारियों ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम को आयुर्वेद के प्रतिष्ठित विद्वानों और आयुर्वेद के शोध विद्वानों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुति द्वारा विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण मुख्य विचारों द्वारा चिह्नित किया गया था। संगोष्ठी में लगभग 20 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। इस अवसर पर सभी 23 पत्रों का पूरा पाठ वाला स्मारिका भी जारी किया गया था।

संहिता आयुर्वेद का आधार है। वे आयुर्वेद की सबसे नैदानिक शास्त्रीय पाठ्य पुस्तकें हैं। हालांकि यह देखा गया है कि उनकी नैदानिक प्रासंगिकता को ठीक से समझाया और सिखाया नहीं गया हैं। फलसवरूप, वे सैद्धांतिक पाठ्य पुस्तकों के रूप में माना जाता है। वर्ष 2017–18 में विद्यापीठ ने चित्रकूट में "चरक आयतनम्" नामक एक छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया, जिसमें चरक संहिता की प्रामाणिक नैदानिक प्रासंगिकताओं को आयुर्वेद के स्नातकों और स्नातकोत्तरों को ठीक से समझने और सिखाने का निष्पादित किया गया था। इस कार्यक्रम में 100 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया था तथा इस कार्यक्रम की अत्यधिक सराहना की गई।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ सतत चिकित्सा शिक्षा (सी.एम.ई.) के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना हेतु प्रधान संस्था (नोडल एजेंसी) के रूप में भी कार्य करता है। सी.एम.ई. के प्रस्तावों की समीक्षा के बाद वर्ष 2017–18 के दौरान कुल 39 सी.एम.ई को मूर्त रूप दिया गया है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुर्वेद प्रशिक्षण देने के अपने विभिन्न क्रियाकलापों को सुदृढ़ बनाने के लिए कई नए तंत्र भी विकसित कर रहा है। यह मौजूदा प्रणाली में लगातार त्रुटियां ढूँढ रहा है और इन त्रुटियों के समाधान के तरीके ढूँढ रहा है। विभिन्न प्रतिपुष्टियों एवं मध्यावधि मूल्यांकन तंत्रों के जरिए रा.आ.वि. के कार्यकलापों की नियमित निगरानी भी की जा रही है। रा.आ.वि. अपने क्षेत्र में विशिष्ट बनने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। यह आयुर्वेद कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के समर्पित केन्द्र के रूप में उभरने के लिए प्रयत्नशील है। रा.आ.वि. इस दिशा में कई नई पहल कर रहा है जिनके भविष्य में फलीभूत होने की आशा है। विद्यापीठ के क्रिया–कलापों एवं उपलब्धियों पर वर्ष 2017–18 का वार्षिक प्रतिवेदन, इसके लेखापरीक्षा संबंधी प्रतिवेदन सहित प्रस्तुत किया जा रहा है।

(डॉ. मनोज नेसरी)
निदेशक

प्रस्तावना :

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। यह भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त–पोषित है। इसका पंजीकरण सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अन्तर्गत रजिस्ट्रार, सोसाइटी, दिल्ली प्रशासन में 11 फरवरी, 1988 को हुआ है। इसने वर्ष 1991 से धन्वन्तरि भवन, मार्ग संख्या–66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली–110 026 में कार्य करना प्रारम्भ किया ।

इस विद्यापीठ की स्थापना प्रख्यात आयुर्वेदिक विद्वानों एवं कर्माभ्यासियों के आयुर्वेदिक ज्ञान को संरक्षित रखने और उसे शिक्षा एवं ज्ञान अन्तरण की भारतीय परम्परागत गुरु शिष्य प्रणाली के जरिए युवा पीढ़ी को अन्तरित करने के मुख्य उद्देश्य से की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य आयुर्वेदिक प्राचीन ग्रन्थों एवं चिकित्सालयी (नैदानिक) कर्माभ्यासों में नई पीढ़ी के आयुर्वेदिक विद्वानों को कुशल बनाना है।

2. विद्यापीठ के उद्देश्य :

1. आयुर्वेद के ज्ञान को बढ़ाना।
2. आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में निरन्तर शिक्षा के लिए योजनाएं बनाना तथा इस प्रयोजन से परीक्षाएं आयोजित करना।
3. सफल अभ्यर्थियों को यथोचित मान्यता प्रदान करना।
4. आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में योग्यता को मान्यता प्रदान करना एवं बढ़ावा देना।
5. आयुर्वेद में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के शैक्षणिक कार्य करना।
6. आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में कार्यशालाएं एवं संगोष्ठियां आयोजित करना।
7. आयुर्वेदिक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए व्यावसायिक संस्थाओं, समितियों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के साथ सम्पर्क बनाए रखना।
8. आयुर्वेद का संवर्धन करना और आयुर्वेद में निरन्तर शिक्षा के कार्यान्वयन के लिए निधियां एवं धर्मदाय प्राप्त करना और उनका प्रबन्ध करना ।

9. आयुर्वेदिक शिक्षा की नई प्रणालियों पर परीक्षण करना ताकि शिक्षा के सन्तोषजनक स्तर पर पहुँचा जा सके ।

10. विद्यापीठ के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आचार्य पद, अन्य संकाय स्तर की अध्येतावृत्तियां (फेलोशिप), अनुसंधान संवर्ग पद एवं छात्रवृत्ति आदि प्रारम्भ करना, इत्यादि।

3. समितियां :

3.1 शासी निकाय

संस्था के बर्हिनियम व भारत सरकार के आदेशानुसार, विद्यापीठ के कार्यों का प्रबन्धन इसके शासी निकाय द्वारा किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष सहित 16 सदस्य होते हैं। भारत सरकार द्वारा शासी निकाय का पुनर्गठन पाँच (5) वर्षों के लिए 20 दिसम्बर, 2013 को निम्नानुसार किया गया था :–

शासी निकाय के अध्यक्ष

1. **'पद्म भूषण' वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा,**
30, सुखदेव विहार,
नई दिल्ली–110 025

भारत सरकार द्वारा नामित व्यक्ति (पदेन सदस्य)

2. **अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार,**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली–110 011

3. **संयुक्त सचिव,**
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए.,
नई दिल्ली–110 023

4. **सलाहकार (आयुर्वेद),**
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए., नई दिल्ली–110 023

5. **कुलपति,**
गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय,
प्रशासनिक भवन,
जामनगर–361 008 (गुजरात)

भारत सरकार द्वारा नामित विशेषज्ञ

6. **डॉ. विजय विश्वनाथ डोईफोडे,**
6, राजश्री अपार्टमेंट्स,
नीलगिरि लेन, बनेर रोड,
पुणे –411 007 (महाराष्ट्र)

7. **प्रो. ए. शंकर बाबू,**
6–7–621, श्रीपुरम कॉलोनी,
के.टी. रोड, तिरुपति, जिला–चित्तूर
पिन–517 501 (आन्ध्र प्रदेश)

8. **डॉ. (श्रीमती) एच. आर. विजया शेषाद्रि,**
प्लॉट संख्या–1, मातृश्री,
रामनगर उत्तरी, मदिपक्कम,
चेन्नई –600 091 (तमिलनाडु)

9. **प्रो. (डॉ.) बल्लव कुमार जयसिंह,**
सर्वोदय नगर,
राज पैलेस के पास,
पुरी–752 002 (उड़ीसा)

10. **डॉ. निरंजन सिंह त्यागी,**
स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड़–245 101 (उ.प्र.)

अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन (ए.आई.ए.सी.) द्वारा मनोनीत सदस्य

11. **वैद्य शिव कुमार मिश्रा,**
पूर्व सलाहकार (आयुर्वेद) भारत सरकार,
ए–604, टावर अपार्टमैन्ट्स,
स्वास्थ्य विहार,
दिल्ली–110 092

12. **वैद्य (श्रीमती) शशिकला भगवान अहिरे,**
ए.एस.एम.–43, अभिषेक बंगला,
अश्विन नगर, एस.आई.डी.सी.ओ.,
जिला–नासिक –422 009 (महाराष्ट्र)

13. **डॉ. संजीव गोयल,**
88/सेक्टर–28 ए.,
चंडीगढ़–160 002

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के रत्न–सदस्यों (फेलो) में से एक सदस्य

14. **डॉ. उमा शंकर निगम,**
ओबराय एक्सक्विजिट–ए विंग 3405/6,
ओबराय मॉल के पीछे, गोरे–गांव पूर्व,
मुम्बई –400 063 (महाराष्ट्र)

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के पूर्व शिष्यों में से एक सदस्य

15. **डॉ. संजय आर. तळमले,**
सहायक प्रोफेसर, द्रव्यगुण विभाग,
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
रघुजी नगर, नागपुर (महाराष्ट्र)

सदस्य सचिव

16. **निदेशक, रा.आ.वि.**

3.2. स्थायी वित्त समिति

आयुष मंत्रालय ने दिनांक 17 जनवरी, 2014 को 5 वर्ष के लिए स्थायी वित्त समिति (एस.एफ.सी.) का पुनर्गठन किया था, जिसकी कार्यावधि वर्तमानशासी निकाय के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जायेगी। स्थायी वित्त समिति की संरचना निम्न प्रकार है:–

1. **संयुक्त सचिव (आयुष),** — **अध्यक्ष (पदेनसदस्य)**
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए.,
नई दिल्ली–110 023

2. **वित्त सलाहकार द्वारा नामित** — **पदेन सदस्य**
एकीकृत वित्त प्रभाग (आई.एफ.डी.) का अधिकारी,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली–110 011

3. **सलाहकार (आयुर्वेद), अथवा** — **पदेन सदस्य**
संयुक्त सलाहकार (आयुर्वेद), अथवा
उप–सलाहकार,
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए., नई दिल्ली–110 023

4. **प्रो. ए. शंकर बाबू,** — **सदस्य (नामांकित)**
(विशेषज्ञों में से शासी निकाय के एक सदस्य)
6–7–621, श्रीपुरम कॉलोनी,
के.टी. रोड, तिरुपति, जिला–चित्तूर
पिन–517 501 (आन्ध्र प्रदेश)

5. **वैद्य शिव कुमार मिश्रा,** **सदस्य (नांमांकित)**
(अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन
से शासी निकाय के एक सदस्य)
ए–604, टावर अपार्टमैन्ट्स,
स्वास्थ्य विहार, दिल्ली–110 092

6. **निदेशक,** **सदस्य सचिव**
राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, दिल्ली

4. विद्यापीठ के कार्य

विद्यापीठ अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए 'गुरु शिष्य परम्परा' के अधीन 'रा.आ.वि. का सदस्य' एवं 'रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र' नामक दो प्रकार के पाठ्यक्रम चलाता है। इन पाठ्यक्रमों को चलाने के लिए यह विद्यापीठ आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वानों एवं वैद्यों को गुरु के रूप में सूचीबद्ध करता है और इन पाठ्यक्रमों के लिए आयुर्वेद की अपेक्षित औपचारिक अर्हताएं रखने वाले शिष्यों को इसके लिए चयन करता है। इसके अतिरिक्त, यह विद्यापीठ संगोष्ठी/परिसंवाद/कार्यशालाएं आयोजित करने, साहित्य का प्रकाशन करने और आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वानों को मान्यता देने/अभिनन्दन प्रदान करने का कार्य भी करता है।

4.1 गुरु शिष्य परम्परा

'गुरु शिष्य परम्परा' शिक्षा की परम्परागत आवासीय प्रणाली है, जिसमें शिष्य अपने गुरु के निवास स्थान के समीप ही रहता है और गुरु के नियमित चिकित्सकीय कार्य में उनके साथ रहकर एकैक शिक्षा प्राप्त करता है। गुरुकुल के विलुप्त होने के साथ ही यह प्रणाली भी समाप्त हो गई थी। राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ ने महसूस किया कि आयुर्वेद में ज्ञानान्तरण की यह प्रणाली अभी भी बहुत प्रभावी है। अतः यह विद्यापीठ अपने पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस प्रणाली को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है।

शिक्षा प्राप्त करने के संस्थागत रूप में संहिताओं (आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों) का केवल प्रासंगिक भाग ही पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जा रहा है। इसके विपरीत, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 'गुरु शिष्य परम्परा' कार्यक्रम में शिष्यों के लिए चुनी गई संहिता और उसकी टीका का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के लिए सम्पूर्ण ग्रन्थ के अध्ययन की व्यवस्था की गई है और उन्हें आयुर्वेदिक कर्माभ्यास के पारम्परिक कौशलों के बारे में भी बताया जाता है। अध्ययन की अवधि के दौरान शिष्यों को गुरुजनों से परस्पर बातचीत करने तथा रोगियों, जड़ी–बूटियों अथवा औषधि तैयार करने की विधि को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए पर्याप्त समय मिलता है।

4.1.1 पाठ्यक्रम

(क) आचार्य गुरु शिष्य परम्परा (रा.आ.वि. का द्विवर्षीय सदस्य पाठ्यक्रम)(एम.आर.ए.वी.)

यह भागीदारों को आयुर्वेदिक संहिताओं और उन पर टीकाओं का ज्ञान प्रदान करने के लिए साहित्यिक अनुसंधान पर आधारित एक शैक्षणिक कार्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद संहिताओं में अच्छे शिक्षक, अनुसन्धानकर्ता और विशेषज्ञ तैयार करना है। शिष्य अपने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की विशेषज्ञता से सम्बन्धित संहिता का गुरु के मार्ग दर्शन में 2 वर्ष तक अध्ययन करता है। विद्यापीठ ने इस पाठ्यक्रम का प्रारम्भ वर्ष 1992 में आयुर्वेद में स्नातकोत्तर योग्यता रखने वाले वैद्यों को आयुर्वेदीय प्राचीन ग्रन्थों में विशेषज्ञ बनाने के उद्देश्य से की थी।

समुचित सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक ज्ञान रखने वाले तथा संस्कृत को अच्छी तरह समझने वाले अभ्यर्थियों को इस पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है। पाठ्यक्रम के अन्त में शिष्यों से एक शोधप्रबन्ध जमा करने की अपेक्षा की जाती है जिसे शिष्यों का योगदान माना जाता है। यद्यपि शिष्य अपने गुरु के कुशल मार्गदर्शन में सम्पूर्ण (ग्रन्थ) का अध्ययन करता है परन्तु वह विद्यापीठ द्वारा सम्बन्धित गुरु के साथ परामर्श करने के बाद दिए गए सुझाव के अनुसार ही निर्धारित अध्यायों/शीर्षकों पर शोधप्रबन्ध लिखता है ताकि एक समान कार्य की पुनरावृत्ति न हो जाये।

(ख) चिकित्सक गुरु शिष्य परम्परा (रा.आ.वि. का एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम)–(सी.आर.ए.वी.)

यह पाठ्यक्रम फरवरी, 1999 से प्रारम्भ किया गया था। इस पाठ्यक्रम की अवधि आयुर्वेदिक स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों के लिए एक वर्ष की है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) **या** समतुल्य उपाधि/आयुर्वेद में स्नातकोत्तर उपाधि रखने वाले अभ्यर्थियों को विख्यात चिकित्सक गुरु के रूप में सूचीबद्ध कर्माभ्यासरत वैद्यों के अधीन प्रशिक्षण हेतु चुना जाता है। अध्ययन अवधि के दौरान, शिष्य आयुर्वेदिक प्रणाली से संबंधित नाड़ी परीक्षा, औषध निर्माण, क्षार–सूत्र, पंचकर्म, रोगों का उपचार, नेत्र चिकित्सा, अस्थिचिकित्सा इत्यादि प्रक्रियाओं को सीखते हैं। प्रशिक्षुओं से प्रत्येक महीने उनके अध्ययन के अन्तर्गत आने वाले रोगियों का रिकार्ड तैयार करने और बाद में इन रिकार्डों को रा.आ.वि. में जमा करने की अपेक्षा की जाती है। शिष्यों द्वारा किया गया कार्य जैसे–रोगीवृत्त, मासिक अध्ययन रिपोर्ट इत्यादि की राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ में जांच की जाती है। शिष्यों को उनके गुरुजनों के माध्यम से सुधार के लिए सुझाव दिए जाते हैं।

4.1.2 गुरुजन

(क) रा.आ.वि. के सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के गुरु :

निम्नलिखित मानदण्डों को पूरा करने वाले विद्वानों को गुरु के रूप में नियुक्त किया जाता है:

वह व्यक्ति, रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के गुरुके रूप में नियुक्त होने के लिए पात्र है, जो आयुर्वेद का सेवानिवृत्त आचार्य (प्रोफेसर) हो, जिसने स्नातकोत्तर (पी.जी.) या विद्या वाचस्पति (पीएच.डी.) उपाधि ग्रहण करने के साथ अच्छा प्रकाशित मान्यता प्राप्त अनुसन्धान कार्य किया हो और जिसे शैक्षणिक कार्य का उत्कृष्ट अनुभव हो या जो आयुर्वेद अनुसन्धान संस्था का सेवानिवृत्त निदेशक या आयुर्वेद में विख्यात अन्य कोई व्यक्ति हो, जो राज्य, केन्द्र/स्वायत्त संगठन एवं अन्य ख्याति प्राप्त कार्यालय में विभागाध्यक्ष के पद पर हो और व्यापक ज्ञान के साथ समुचित शैक्षणिक अनुभव रखता हो अथवा आयुर्वेद में कोई विशेषज्ञता रखता हो या आयुर्वेद का प्रख्यात विद्वान हो।

गुरु को 60 वर्ष से अधिक आयु का होना चाहिए और संस्कृत एवं आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों में निपुण होना चाहिए। इसके अतिरिक्त उसके पास विशेष ज्ञान एवं दक्षता होना आवश्यक है, ताकि चयन को न्यायोचित ठहराया जा सके। द्रव्यगुण, रस–शास्त्र, भैषज्य कल्पना और अन्य नैदानिक विषयों में गुरु के पास प्रदर्शन के लिए बुनियादी सुविधा होनी चाहिए अथवा आस–पास ऐसी सुविधा/संस्था तक पहुँच होनी चहिए।

(ख). राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) के लिए गुरु :

गुरुजनों के लिए पात्रता मानदण्ड (सी.आर.ए.वी.)

सी.आर.ए.वी.गुरुजनों के चयन के लिए निम्नलिखित दो पात्रता मानदण्डों कोअपनाया गया है :–

1. वैयक्तिक गुरुजनों के लिए मानदण्ड।
2. संस्थागत गुरुजनों के लिए मानदण्ड।

1. वैयक्तिक गुरुजनों के लिए मानदण्ड

i. भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद् (आई.एम.सी.सी.) अधिनियम 1970 की धारा 17 के अंतर्गतभारतीय चिकित्सा की किसी राज्य पंजिका में नामांकित आयुर्वेद के चिकित्सक।

ii. आयु 50 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

iii. मुख्यतः प्राचीन औषधियों में विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधालयी कर्माभ्यास का न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव रखने वाले और आयुर्वेद के किसी अन्य विषय में स्वयं आयुर्वेदिक कर्माभ्यास वाले कर्माभ्यासी।

iv. कर्माभ्यासी को किसी आयुर्वेदिक महाविद्यालय या उससे संबद्ध चिकित्सालयों अथवा किसी अन्य चिकित्सालय में मानार्थ आधार को छोड़कर नियमित आधार पर कार्यरत नहीं होना चाहिए।

v. सीआरएवी गुरु बनने के इच्छुक आयुर्वेदिक कर्माभ्यासी के बहिरंग विभाग (ओ.पी.डी.) में न्यूनत्तम 25 रोगी प्रतिदिन होने चाहिए।

vi. शल्य चिकित्सा कर्माभ्यास के मामले में वैद्यों को कम से कम 15 बहिरंग विभाग (ओ.पी.डी.) के रोगियों को देखने के अतिरिक्त प्रतिदिन 5 शल्य क्रियाएं करनी भी आवष्यक हैं।

vii. आयुर्वेद फार्मेसी के मामले में वैद्य के पास स्वयं की फार्मेसी होनी चाहिए और आयुर्वेदिक औषधियों को तैयार करने के सूत्रों का कम से कम 20 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

viii. युवा आयुर्वेदिक चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने और उन्हें व्यवहारिक ज्ञान का प्रशिक्षण देने एवं अपने कौशल एवं दक्षताओं को बिना किसी आपत्ति के बताने के इच्छुक हों।

ix. इस श्रेणी के अन्तर्गत गुरुजनों को 2 शिष्य तक दिये जा सकते हैं। अगर उनके पास 10 शय्याओं और उससे अधिक की अन्तरंग विभाग (आई.पी. डी.) की सुविधा है तो उन्हें 4 शिष्य तक दिये जा सकते हैं।

2. <u>संस्थागत गुरुजनों (संस्थागत प्रशिक्षण केन्द्र) के लिए मानदण्ड :</u>

क. आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित किया गया उत्कृष्ट केन्द्र ।

ख. न्यूनत्तम 50 शय्याओं और प्रतिदिन बहिरंग विभाग में 200 रोगियों वाला आयुर्वेदिक चिकित्सालय।

ग. चिकित्सालय कम से कम 10 वर्ष से कार्य कर रहा हो। तथापि, जिस गुरु को प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में नामित किया गया हो, उसे न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

घ. उस संस्था की विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए पहचान होनी चाहिए और वहाँ पर कोई एकीकृत कर्माभ्यास नहीं होना चाहिए।

ङ. ऐसी संस्था को 8 शिष्य तक दिये जा सकते हैं और मुख्य चिकित्सक/संस्था का चिकित्सक और/अथवा अन्य वरिष्ठ चिकित्सक शिष्यों के प्रशिक्षण प्रभारी होंगे।

(ग). सूचीबद्ध करना :

किसी भी पाठयक्रम के लिए गुरु का चयन शासी निकाय के अध्यक्ष या शासी निकाय द्वारा नामित विशेषज्ञों की एक जांच–समिति (सर्च कमेटी) द्वारा

किया जाता है। समिति विद्वानों और वैद्यों के जीवन–वृत्तों की जांच करती है और उनकी क्षमता पर समुचित विचार–विमर्श करने के बाद गुरु का चयन किया जाता है और शासी निकाय से उनको सूचीबद्ध करने के लिए संस्तुति की जाती है। शासी निकाय के अनुमोदन पश्चात्, गुरुपद एवं रा.आ.वि. के नियमों के अनुपालन के लिए उनकी इच्छा जानने तथा उनके पास प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में पता लगाने के उपरान्त, जब कभी भी रिक्त स्थान होता है तो उनके पास सूचीबद्ध करने के संबंध में पत्र भेजा जाता है। गुरु का चयन पूर्णतया अस्थायी आधार पर, सामान्यतः एक पाठ्यक्रम अवधि के लिए अर्थात् राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के लिए एक वर्ष के लिए तथा राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के सदस्य पाठ्यक्रम के लिए दो वर्ष के लिए होता है। शासी निकाय या शासी निकाय के अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा गुरु के कार्य की समीक्षा की जाती है और जब कभी आवश्यक होता है तो उनकी कार्यावधि बढ़ाई जाती है। गुरु के पास कोई शिष्य नहीं होने या उनके अधीन सभी शिष्यों द्वारा अपना पाठ्यक्रम अध्ययन की अवधि पूर्ण कर लिए जाने पर, उनकी नियुक्ति पूर्ण मानी जाती है।

4.1.3 <u>शिष्य</u>

सीआरएवी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदनपत्र आमंत्रित करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर समाचार–पत्रों में विज्ञापन दिया जाता है।

सीआरएवी पाठ्यक्रम में आयुर्वेद में आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) अथवा समकक्ष उपाधि रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पूर्वस्नातक उपाधि धारक अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष और स्नातकोत्तर उपाधि धारकों के लिए 32 वर्ष है। सरकार द्वारा विधिवत रूप से प्रायोजित स्थायी रूप से नियुक्त वैद्यों (डाक्टरों) को आयु सीमा में 35 वर्ष तक की छूट दी जाती है। अभ्यर्थियों की अर्हताएं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (सी.सी.आई.एम.) द्वारा मान्यता प्राप्त होनी आवश्यक हैं।

प्राप्त आवेदनपत्रों की जांच करने के बाद, पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जाता है। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा में,

चिकित्सा विषयों पर विशेष बल देते हुए स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम की विवरणिका में दिये गए विभिन्न पहलुओं को भी शामिल किया जाता है। शिष्य के चयन में, शिष्य की चयन परीक्षा में श्रेष्ठता और विषय/गुरु की प्राथमिकता को ध्यान में रखा जाता है। सीआरएवी पाठ्यक्रम में चिकित्सा अधिकारियों को वरीयता दी जाती है।

चुने गए अभ्यर्थियों को इस आशय का एक बन्धपत्र (बाण्ड पेपर) जमा करना होता है कि यदि शिष्य बीच में पाठ्यक्रम छोड़ देता है या उस शिष्य को विद्यापीठ के नियमों का उल्लंघन करने पर निष्कासित किया जाता है, तो उस शिष्य को विद्यापीठ से ली गई सम्पूर्ण शिक्षावृत्ति 12 प्रतिशत ब्याज सहित विद्यापीठ को लौटानी होती है। समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद, शिष्यों को, देश के विभिन्न भागों में स्थित सम्बन्धित गुरुजनों के संरक्षण में प्रशिक्षण हेतु भेज दिया जाता है।

4.1.4 मानदेय एवं शिक्षावृत्ति

प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक महीने गुरुजनों को मानदेय व शिष्यों को शिक्षावृत्ति का भुगतान किए जाने का प्रावधान है। प्रत्येक गुरु को प्रशिक्षण देने के लिए 2 से 4 तक शिष्य दिये जाते हैं। गुरुजनों का मानदेय केवल 15820/–रुपये तथा समय–समय पर लागू महंगाई भत्ता एवं दो शिष्यों तक 5000/–रुपये है। यदि किसी गुरु के पास दो से अधिक शिष्य होते हैं तो उन्हें 2000/–रुपये प्रति शिष्य की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा। इसी प्रकारसी.आर.ए.वी. पाठ्यक्रम के शिष्यों के लिए शिक्षावृत्ति केवल 15820/–रुपयेएवं समय–समय पर लागू महंगाई भत्ता है। एम.आर.ए.वी. पाठ्यक्रम के लिए केवल 15820/–रुपयेएवं समय–समय पर लागू महंगाई भत्ता एवं इसके अतिरिक्त 2500/–रुपये की शिक्षावृत्ति है।

4.1.5.परीक्षा

एम.आर.ए.वी. पाठ्यक्रम के लिए दो वर्ष के अन्त में शिष्यों की अन्तिम परीक्षा तीन भागों में आयोजित की जाती है:–

(क) शिष्य द्वारा तैयार शोधप्रबन्ध का मूल्यांकन

(ख) तीन घंटे की लिखित परीक्षा

(ग) मौखिक परीक्षा

अनुमोदन/अस्वीकरण के आधार पर शोधप्रबन्ध का मूल्यांकन किया जाता है। शोधप्रबन्ध के स्वीकृत हो जाने के पश्चात् शिष्य की लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली जाती है। परीक्षा के तीनों भागों में से प्रत्येक में संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त करने पर शिष्य को 'रा.आ.वि. का सदस्य पाठ्यक्रम' का प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए उसका अध्ययन सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की जाती है।

सी.आर.ए.वी. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शिष्य अपने अध्ययन के अन्त में सीखे गए विषय की उल्लेखनीय बातों अर्थात् विशेष रोगों का उपचार, औषधियों एवं विशिष्ट प्रकरणों का सारांश देते हुए एक मोनोग्राफ तैयार करता है जो 25 पृष्ठों से अधिक नहीं होता और वह परीक्षा से एक माह पूर्व इसे विद्यापीठ को भेजता है। शिष्यों से, अपनी प्रशिक्षण अवधि के दौरान देखे गए कुछ रुचिकर मामलों पर विशेष केस रिर्पोट भेजने के लिए भी कहा जाता है। परीक्षा दो भागों में होती है (क) तीन घंटों की लिखित परीक्षा (ख) मौखिक परीक्षा। लिखित व मौखिक परीक्षा के लिए मोनोग्राफ, केस रिपोर्ट और मासिक रिकार्ड शीटें आधार बनती हैं। शिष्य के प्रशिक्षण अवधि के लिए उसके गुरु से शिष्य के आन्तरिक मूल्यांकन के लिए भी कहा जाता है। लिखित व मौखिक परीक्षा में अलग–अलग संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त करने वाले सफल अभ्यर्थी को उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाता है। असफल अभ्यर्थियों को तीन माह की अवधि के लिए उनके गुरु के पास पुनः भेजा जाता है। इस अवधि के बाद उनसे पुनः परीक्षा देने की अपेक्षा की जाती है। गुरु के पास अतिरिक्त समय तक रहने के लिए कोई शिक्षावृत्ति नहीं दी जाती है।

उत्तीर्ण शिष्यों को दीक्षान्त समारोह में प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं।

4.1.6.उपलब्धियां

अभी तक एम.आर.ए.वी. पाठ्यक्रम के 71 शिष्य एवं सी.आर.ए.वी. पाठ्यक्रम के 936 शिष्य अपना पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं।

4.2. दीक्षान्त समारोह :

विद्यापीठ सफल अभ्यर्थियों को यथोचित मान्यता प्रदान करने तथा आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में योग्य अभ्यर्थियों को मान्यता प्रदान करने एवं प्रोत्साहन देने जैसे अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उत्तीर्ण शिष्यों को प्रमाणपत्र प्रदान करने और विख्यात विद्वानों एवं वैद्यों को आयुर्वेद की प्रगति हेतु उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की अध्येतावृत्ति से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष दीक्षान्त समारोह का आयोजन करता है।

4.3. अध्येतावृत्ति सम्मान (फेलोशिप) :

विद्यापीठ अपने उद्देश्यों में से एक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आयुर्वेद के प्रख्यात विद्वानों और विभिन्न पारम्परिक आयुर्वेदिक कर्माभ्यासियों को उनकी विद्वत विशेषज्ञता और शिक्षा, अनुसन्धान, रोगी की देखभाल और/अथवा साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें अध्येतावृत्ति (फेलोशिप) प्रदान करता है। यह एक मानद सम्मान है, जिसमें प्रत्येक रत्नसदस्य का राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के दीक्षान्त समारोह में एक प्रशस्तिपत्र द्वारा अभिनन्दन किया जाता है और एक शॉल व एक कलश/स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। प्रत्येक वर्ष शासी निकाय द्वारा विद्वानों के जीवनवृत्तों के आधार पर इन अध्येतावृत्तिओं का निर्धारण किया जाता है। अभी तक 304 विद्वानों को राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की अध्येतावृत्ति प्रदान की जा चुकी है।

वर्ष 2017–18 में निम्नलिखित विद्वानों को अध्येतावृत्ति प्रदान की गईः–

1. डॉ. संध्या पटेल, नडियाड, गुजरात
2. डॉ. संजीव गोयल, चंडिगढ़, पंजाब
3. डॉ. मनोरंजन साहू, वाराणसी (उ.प्र.)
4. डॉ. शिवनारायण नरसिंहलाल गुप्ता, नडियाड, गुजरात
5. डॉ. गंजम कृष्ण प्रसाद, सिकंदराबाद, तेलंगाना

6. प्रो. लालता प्रसाद, बरेली (उ.प्र.)
7. वैद्य रविन्द्र वात्सयान, लुधियाना, पंजाब
8. डॉ. सुभाष रानडे, पुणे (महा.)
9. वैद्य बुध प्रकाश गुप्ता, दिल्ली
10. डॉ. श्रीराम एस. सावरिकर, मुबंई (महा.)

ब) जीवन पर्यन्त उपलब्धियाँ (लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार)

आयुर्वेद की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए निम्नलिखित प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक विद्वानों को जीवन पर्यन्त उपलब्धियाँ पुरस्कार से सम्मानित किया गया

1. वैद्य एस. के. मिश्रा, नई दिल्ली
2. वैद्य सुरेश चतुर्वेदी, मुंबई (महा.)

4.4. राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठी :

विद्यापीठ प्रत्येक वर्ष, ऐसे रोग के विषय पर एक सम्मेलन/संगोष्ठी आयोजित करता है, जिसमें आयुर्वेदिक निदान एवं उपचार के लिए विचारों का आदान–प्रदान, विचार–विमर्श तथा चिकित्सा संबंधी अनुभव को प्रसारित करना अपेक्षित है। अभी तक क्षार–सूत्र, हृदय–रोग, आयुर्वेदिक शिक्षा, प्रशिक्षण एवं विकास, नाड़ी विज्ञान, आशुकारी आयुर्वेदिक औषधियां एवं तकनीक, शोथहर एवं जीवाणु नाशक आयुर्वेदिक औषधियां, एड्स, थायरॉयड रोग, रसायन तथा वृक्क एवं अन्य मूत्र विकार, यकृत पैत्तिक एवं प्लीहा रोग, मधुमेह (2), मानसिक स्वास्थ्य, वातव्याधि, मोटापा, महिलाओं की प्रजनन स्वास्थ्य रक्षा, हृदय रोग निवारण, त्वक् रोगों का उपचार, कैंसर (2), स्वतः रोग प्रतिरक्षा क्षमता और बस्तिकर्म विषयों पर 23 सम्मेलन/संगोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं।

4.5. आयुर्वेद के अध्यापकों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय सम्भाषा कार्यशालाएं :

अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत कर रहे शिष्यों, कनिष्ठ शिक्षकों एवं युवा वैद्यों का यह आम अनुभव रहा है कि पाठ्यपुस्तकों के विषयों/शीर्षकों पर उनके सामने कुछ ऐसे मुद्दे आते हैं जिनके लिए व्याख्या/स्पष्टीकरण, परस्पर वार्ता और वैज्ञानिक समझ अपेक्षित है। कुछ महाविद्यालयों में जहाँ अनुभवी एवं योग्य संकायों की कमी है, वहाँ विद्यार्थी आयुर्वेद की अवधारणाओं और उनकी व्यावहारिक उपयोगिता को समझने का लगातार प्रयास करते हैं।

विद्यार्थियों द्वारा बार–बार यह मुद्दा उठाया जाता है और उस पर तर्क दिया जाता है कि कुछ ऐसे विषयों को जिनकी मौजूदा वैज्ञानिक दृष्टि से व्याख्या नहीं की जा सकती है, पाठ्यक्रम/ग्रन्थों (पाठ्यपुस्तकों) से हटा दिया जाए, क्योंकि वे वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिक नहीं हैं।

परन्तु ऐसे निर्णय पर पहुँचने से पहले यह आवश्यक समझा गया कि शिष्यों एवं प्रख्यात विद्वानों तथा अनुभवी वैद्यों में परस्पर बातचीत की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे शंका के ऐसे मुद्दों पर विचार–विमर्श का अवसर मिल सके। यह पाया गया है कि किसी विशिष्ट विषय/शीर्षक पर आयोजित संगोष्ठियां उसी विषय पर विचार–विमर्श करने तक सीमित रहती हैं और कई बार समय के अभाव में विद्यार्थियों एवं भागीदारों की शंकाएं दूर करने में अक्षम रहती हैं। शिक्षण के क्षेत्र में प्राचीन ग्रन्थों के अध्ययन को शामिल करके एवं लोगों की स्वास्थ्य रक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से दैनिक कर्माभ्यास में उन्हें लागू करने से पेशेवरों में आज के ज्ञान में प्राचीन विचारों के अनुप्रयोग के सम्बन्ध में प्रश्न उठने की पूरी सम्भावना है।

इन कार्यशालाओं में संहिताओं, निघंटुओं, चिकित्सा ग्रन्थों तथा आयुर्वेद की अन्य पाठ्यपुस्तकों के चुने गए विषयों पर शिष्यों से ऐसे प्रश्न आमंत्रित किये जाते हैं जिन पर वे स्पष्टीकरण चाहते हैं। शिष्यों से प्रश्न मिलने पर उन्हें ऐसे आयुर्वेदिक विद्वानों (साधन सम्पन्न व्यक्तियों) के पास भेजा जाता है, जिन्हें उस विषय का समुचित ज्ञान हो और जो उनकी शंकाओं का समाधान कर सकते हों। प्रश्नोत्तरों को एक पुस्तक के रूप में समेकित करके और वैज्ञानिक विचार–विमर्श

के लिए कार्यशाला में वितरित किया जाता है। प्रश्नकर्ताओं और विशेषज्ञों को कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा अभी तक 24 सम्भाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है तथा कार्यशाला में विचार–विमर्श किये गए प्रश्नोत्तर वाली पुस्तकें तैयार कर उनका विमोचन भी किया जा चुका है।

4.6. संहिता आधारित औषधीय निदान विषय पर आयुर्वेदिक अध्यापकों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम :

वर्ष 2012 में आयुर्वेद शिक्षा एवं शैक्षणिक संस्थान के स्तरों की जांच के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ और आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित आयुर्वेदिक संस्थानों के सर्वेक्षण में यह पाया गया था कि कई संस्थानों के नैदानिक अभिलेखों में दशविध परीक्षा, स्रोतस परीक्षण आदि जैसी सूचना नहीं थी। संहिताओं पर आधारित औषधीय रोग निदान की कला और आयुर्वेद में वर्णित प्राचीन तरीके विलुप्त हो रहे हैं। कई अध्यापकों के साथ ही स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने आयुर्वेदिक रोग निदान के तरीकों की यह कला सीखने में रुचि दिखाई है।

उपर्युक्त विषय को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2013–14 में राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ ने इस क्षेत्र के प्रख्यात विद्वानों द्वारा संहिताओं (ग्रन्थों) पर आधारित आयुर्वेदिक रोग निदान के तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन उपलब्ध करवाने के लिए एक नया प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया था।

आयुर्वेद हमारे देश की एक स्वदेशी चिकित्सा प्रणाली है और यह भारत में कई सदियों से प्रयोग में है। जनता के लिए कई उपचार पद्धतियां, चिकित्सा पद्धतियाँ एवं औषधियाँ मौजूद हैं। बहुत से कर्माभ्यासी या तो अपने पूर्वजों से परम्परागत ज्ञान प्राप्त करके अथवा स्वयं के अनुभव से आयुर्वेद का कर्माभ्यास कर रहे हैं और स्थानीय लोगों को लाभ पहुँचा रहे हैं। रोगी देख–भाल के क्षेत्र में उन्हें जो ज्ञान एवं कौशल प्राप्त है, उसे युवा वैद्यों को दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, रोग निदान और उपचार में आयुर्वेद के इस ज्ञान की आयुर्वेद की

अवधारणाओं के अनुसार ही व्याख्या किये जाने की आवश्यकता है। वर्ष 2017–18में नई दिल्ली और हरिद्वार में दो ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

4.7. "चरक आयतनम्" (एक छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम)

संहिता आयुर्वेद का आधार है। वे आयुर्वेद की सबसे नैदानिक शास्त्रीय पाठ्य पुस्तकें हैं। हालांकि यह देखा गया है कि उनकी नैदानिक प्रासंगिकता को ठीक से समझाया और सिखाया नहीं गया हैं। फलस्वरूप, इन्हें सैद्धांतिक पाठ्य पुस्तकों के रूप में माना जाता है।

चरक संहिता कायचिकित्सा का मूल पाठ है, चरक आयतनम कार्यक्रम चरक संहिता की प्रमाणिक–नैदानिक समझने और नैदानिक अभ्यास में इसकी प्रासंगिकता प्रदान करने का एक प्रयास हैं ।

4.8. प्रकाशन :

विद्यापीठ आयुर्वेद की कुछ ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन करता रहा है, जो जन–साधारण में जागरूकता पैदा करती हैं और साथ ही आयुर्वेद एवं सम्बद्ध विज्ञानों के विद्यार्थियों तथा पेशेवरों के लिए भी उपयोगी हैं। यह विद्यापीठ, आवश्यक पुनरीक्षा एवं विशेषज्ञ–समिति की संस्तुतियों तथा शासी निकाय से अनुमोदन लेने के पश्चात्, अपने शिष्यों के शोधप्रबन्धों का प्रकाशन भी करता है। रा.आ.वि. ने द्विवर्षीय पाठ्यक्रम वाले अपने शिष्यों द्वारा प्रस्तुत शोधप्रबन्धों पर आधारित चार पुस्तकों सहित अभी तक 23 स्मारिकाएं और 15 पुस्तकों का प्रकाशन किया है। सम्भाषा कार्यशालाओं से संबंधित चौबीस प्रश्नोत्तरी वाली पुस्तकों का प्रकाशन भी इस विद्यापीठ द्वारा किया गया है।

5. तकनीकी रिपोर्ट : (वर्ष 2017–18 के दौरान आयोजित क्रिया–कलाप)

5.1. वर्ष के दौरान आयोजित बैठकें :

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान शासी निकाय की एक बैठक तथा स्थायी वित्त समिति की एक बैठक आयोजित की गईं थी। विवरण निम्नवत् है :–

(क) शासी निकाय की बैठक :

वर्ष के दौरान शासी निकाय की एक बैठक (43वीं शासी निकाय बैठक) 11अगस्त 2017 को आयोजित की गई थी, जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है :–

11 अगस्त 2017 को आयोजित शासी निकाय की 43वीं बैठक :

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–

1. 'पद्म भूषण' वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा, नई दिल्ली– अध्यक्ष शासी निकाय।
2. अतिरिक्त सचिव (एफ. ए.), या उनके प्रतिनिधि, स्वास्थ्य मंत्रालय और एफ. डब्लयू
3. वैद्य शिव कुमार मिश्रा, नई दिल्ली
4. डॉ. निरंजन सिंह त्यागी, हापुड़
5. डॉ. (श्रीमती) एच. आर. विजया शेषाद्रि, चेन्नई
6. डॉ. बल्लभ कुमार जयसिंह, पुरी
7. डॉ. संजीव गोयल, चंडीगढ़
8. डॉ. संजय आर. तळमले, मुम्बई
9. श्री आर. सी. अग्रवाल, डी.डी.जी. – आयुष मंत्रालय
10. सुश्री शीला तिर्की, अवर सचिव–आयुष मंत्रालय
11. डॉ. मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय–सदस्य सचिव एवं निदेशक, आरएवी ।

शासी निकाय की 43वीं बैठक में लिये गए प्रमुख निर्णय :

शासी निकाय की 43वीं बैठक 11 अगस्त, 2017 को आयोजित की गई थी, जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण सिफारिशें अनुमोदित की गयीं थी :

1. वर्ष 2016–17 के लिए वार्षिक लेखोंका अनुमोदन किया गया।
2. वर्ष 2017–18 के लिए बजट प्राक्कलन का अनुमोदन किया गया।

3. वर्ष 2015–16 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।
4. स्नातकोत्तर विद्वानों और युवा अध्यापकों के बीच परस्पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन को अनुमोदित किया गया।
5. प्रति कार्यक्रम मात्र 5.00 लाख रुपये की बजटीय सीमाओं के भीतर तीन विभिन्न स्थानों पर आयुर्वेदिक अध्यापकों के लिए 03 दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुमोदन किया गया।
6. हाल ही में संपन्न 23वें राष्ट्रीय संगोष्ठी, 21वीं दीक्षांत समारोह और रजत जयंती समारोह के लिए 29–30 मई, 2017 को आयोजित किए गए के लिए रुपये 41,75,000/– अनुमोदित किया गया।
7. डॉ. बी.एल. गौड़ को रुपये 3,00,040/– की शेष राशि जारी करने के लिए अनुमोदित किया।
8. सत्र 2016–17 से गुरुओं को दिये जाने वाले आकस्मिक खर्चों को बंद करने का अनुमोदित किया।
9. एन.सी.टी., भारत सरकार के अनुसार आउटसोर्स कर्मचारियों के मजदूरी को बढ़ाने का अनुमोदित किया गया।
10. शासी निकाय ने एम.आर.ए.वी. पाठ्यक्रम के संबंध में आगे की कार्यवाई का सुझाव देने के लिए विभिन्न विशेषज्ञों की एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया।

(ख) स्थायी वित्त समिति की बैठक

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान स्थायी वित्त समिति की एक बैठक दिनांक 15 जून, 2017 को स्थायी वित्त समिति के पदेन सदस्यों के साथ आयोजित की गई थीं।

15 जून, 2017 को आयोजित 28वीं स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) की बैठक

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–

1. श्री अनुराग श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय – पदेन सदस्य

2. डॉ. मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद) – पदेन सदस्य
3. श्री जी. आर. रायगर, उप–सचिव, (अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रतिनिधि) – पदेन सदस्य।
4. वैद्य शिव कुमार मिश्रा, नई दिल्ली– सदस्य।
5. श्री आर.सी. अग्रवाल, डी.डी.जी, आयुष मंत्रालय–आमंत्रित सदस्य
6. डॉ ए. रघु, उप सलाहकार (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली– आमंत्रित सदस्य
7. डॉ. एम. ए. कासमी, उप–सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय– आमंत्रित सदस्य
8. परामर्शदाता, एन.आई, आयुष मंत्रालय–आमंत्रित सदस्य

स्थायी वित्त समिति की 28वीं बैठक में लिए गए मुख्य निर्णयः–

स्थायी वित्त समिति की 28वीं बैठक15 जून, 2017 को आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण संस्तुतियां अनुमोदित की गई थीं।

1. डॉ. बी. एल. गौड़ को रुपये 3,00,040/– की शेष राशि जारी करने के लिए अनुमोदित किया।
2. डॉ के.आर शर्मा को दिये गये अग्रिम राशि रुपये 8000/– को छोड़ने के लिए अनुमोदित किया।
3. आर.ए.वी. के प्रकाशनों को आरोग्य मेलों में 35% की छूट देने के लिए अनुमोदित किया।
4. हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के दौरान हुए व्यय रुपये 16,02,656/– के लिए अनुमोदित किया।
5. आर.ए.वी. वेबसाइट की मेजबानी के लिए क्लाउड सर्वर की खरीद के लिए अनुमोदित किया।
6. वर्ष 2017–18 के लिए बजट प्राक्कलन का अनुमोदित किया।

7. प्रति कार्यक्रम मात्र 5.00 लाख रुपये की बजटीय सीमाओं के भीतर तीन विभिन्न स्थानों पर आयुर्वेदिक अध्यापकों के लिए 03 दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुमोदित किया।
8. स्नातकोत्तर विद्वानों और युवा अध्यापकों के बीच परस्पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन को अनुमोदित किया।
9. प्रति कार्यक्रम मात्र 7.00 लाख रुपये की बजटीय सीमाओं के भीतर दो विभिन्न स्थानों पर स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए 02 संहिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन को अनुमोदित किया।
10. मंत्रालय द्वारा विकसित 'आयुर्वेदिक मानक उपचार दिशानिर्देश' के मुद्रण के लिए अनुमोदित किया।
11. वर्ष 2016–17 के लिए वार्षिक लेखों का अनुमोदित किया।
12. हाल ही में संपन्न 23वें राष्ट्रीय संगोष्ठी, 21वीं दीक्षांत समारोह और रजत जयंती समारोह के लिए 29–30 मई, 2017 को आयोजित किए गए के लिए रुपये 41,75,000/– अनुमोदित किया गया।

5.2. गुरु शिष्य परम्परा :

(क) राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी. आर.ए.वी.)

रा.आ.वि. के प्रमाणपत्र पाठ्क्रम के गुरुजनों का चयन :

वर्ष 2017–18 में नए सत्र के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के उद्देश्य से इस पाठ्यक्रम में गुरुजनों की नियुक्ति हेतु 18 नवम्बर, 2017 को 'विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डी.ए.वी.पी.)' के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर सभी प्रमुख समाचारपत्रों में एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। भावी वैद्यों/विद्वानों से लगभग 32 नए आवेदनपत्र प्राप्त हुए थे।

प्राप्त आवेदनपत्रों की जांच के लिए रा.आ.वि. के शासी निकाय के अध्यक्ष के अनुमोदन से निम्नलिखित सदस्यों को शामिल करते हुए शासी निकाय की एक उपसमिति गठित की गई थी :–

1. **डॉ. मनोज नेसरी,** **अध्यक्ष**
   सलाहकार (आयुर्वेद),
   आयुष मंत्रालय,
   'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
   आई. एन. ए.,
   नई दिल्ली–110 023
2. **वैद्य शिव कुमार मिश्र,** **सदस्य**
   पूर्व सलाहकार (आयुर्वेद) भारत सरकार,
   ए–604, टावर अपार्टमैन्ट्स,
   स्वास्थ्य विहार,
   दिल्ली–110 092
3. **प्रोफेसर ए. शंकर बाबू,** **सदस्य**
   6–7–621, श्रीपुरम कॉलोनी,
   के. टी. रोड, तिरुपति चित्तूर,
   आंध्र प्रदेश – 517501
4. **डॉ. संजीव गोयल,** **सदस्य**
   88/सेक्टर–28 ए.,
   चंडीगढ़–160 002

उपरोक्त समिति ने आवेदनपत्रों की जांच की और पात्रता एवं मानदण्डों के अनुसार 32 आवेदनपत्रों में से 10 नामों का चयन किया। इसके अतिरिक्त शासी निकाय के सदस्यों द्वारा दिये गए सुझाव के अनुसार कुछ और नामों पर भी विचार किया गया था। गुरुजनों के नामों को अन्तिम रूप देने के लिए 10 मार्च, 2018 और 14 मई, 2018 को उपसमिति की दूसरी एवं तृतीय बैठक क्रमशः आयोजित की गई, इस प्रकार 47 वैयक्तिक गुरुजनों और 5 संस्थागत गुरुजनों को शामिल करते हुए कुल 52 गुरुजनों का चयन किया गया है। इस वर्ष के लिए सी.आर.ए.वी के लिए सूचीबद्ध गुरुजनों का ब्यौरा निम्नलिखित है :–

क्र.	गुरुजनों का नाम एवं स्थान	विषय
1.	डॉ. एल. सुचरिता, बेंगलुरु(कर्नाटक)	स्त्री रोग
2.	डॉ. विजयन नांगेलिल, कोथामंगलम् (केरल)	अस्थि एवं मर्म चिकित्सा
3.	डॉ. सी. सुरेश कुमार, त्रिवेन्द्रम (केरल)	अस्थि चिकित्सा
4.	डॉ. डी. रामानाथन, त्रिशूर (केरल)	फार्मेसी
5.	डॉ. विजय विश्वनाथ डोईफोडे, पुणे (महाराष्ट्र)	फार्मेसी
6.	डॉ. विवेक दत्तात्रेय साने, पुणे (महाराष्ट्र)	फार्मेसी
7.	डॉ. सूर्य प्रकाश शर्मा, कोलकता (पश्चिम बंगाल)	फार्मेसी
8.	डॉ. आई. भावदासन नम्बूदरी, कन्नूर (केरल)	नेत्र चिकित्सा
9.	डॉ. मुकुल पटेल, सूरत (गुजरात)	क्षारसूत्र
10.	वैद्य देवेन्द्र कुमार शाह, अहमदाबाद (गुजरात)	क्षारसूत्र
11.	डॉ. रमन सिंह, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	क्षारसूत्र
12.	डॉ. हेम राज शर्मा, ऊना (हिमाचल प्रदेश)	क्षारसूत्र

13.	डॉ. के. वी. एस. राव, भिलाई (छत्तीसगढ़)	क्षारसूत्र
14.	वैद्य सतपाल गुप्ता, अम्बाला छावनी (हरियाणा)	क्षारसूत्र
15.	डॉ. दिनेश चंद्र, कुरूक्षेत्र (हरियाणा)	क्षारसूत्र
16.	डॉ. लालता प्रसाद, बरेली (उत्तर प्रदेश)	क्षारसूत्र
17.	डॉ. हर्षवर्धन जोबनपुत्र, नाडियाड (गुजरात)	क्षारसूत्र
18.	वैद्य निमकर आनंद सदानंद, सतारा (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
19.	वैद्य सुविनय विनायक दामले, सिंधूदुर्ग (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
20.	डॉ. मणि भूषण कुमार, पटना (बिहार)	कायचिकित्सा
21.	वैद्य गोपीलाल टिटोनी, जबलपुर (मध्य प्रदेश)	कायचिकित्सा
22.	वैद्य बिनोद जोशी, हलद्वानी (उत्तराखंड)	कायचिकित्सा
23.	वैद्य अनिल कुमार दुबे, अहमदनगर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
24.	वैद्य नामधर शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा
25.	वैद्य. श्री श्री मां अनन्तानंद तीरथ, अहमदाबाद (गुजरात)	कायचिकित्सा

26.	डॉ. रमेश आर. वारियर, मदुरई (तमिलनाडु)	कायचिकित्सा
27.	डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश)	कायचिकित्सा
28.	डॉ. वी. श्रीकुमार, त्रिशूर (केरल)	कायचिकित्सा
29.	डॉ. रविशंकर परवजे, दक्षिणकंनडा (कर्नाटक)	कायचिकित्सा
30.	वैद्य दिनेशचंद्र डी. गोराडिया, मुम्बई (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
31.	वैद्य रामदास म्हालुजी अव्हाड़, अहमदनगर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
32.	डॉ. के. चिदंबरम, कन्याकुमारी (तमिलनाडु)	कायचिकित्सा
33.	वैद्य अश्वनी कुमार शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा
34.	वैद्य ताराचन्द शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा
35.	डॉ. नरेन्द्र गुजराती नारायणदास, जलगाँव (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
36.	डॉ. गंजम कृष्ण प्रसाद, सिकंदराबाद (तेलंगाना)	कायचिकित्सा
37.	डॉ. धनराज विश्वेश्वर गहुकर, नागपुर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
38.	डॉ. मधुसूदन देशपाण्डे, भोपाल (मध्य प्रदेश)	कायचिकित्सा

39.	वैद्य जगजीत सिंह, चंडीगढ़ (पंजाब)	कायचिकित्सा
40.	डॉ. सी. एम. श्रीकृष्णन, त्रिशूर (केरल)	कायचिकित्सा
41.	वैद्य. जगदीश्वरी प्रसाद मिश्रा "बसंत" सीतामढ़ी (बिहार)	कायचिकित्सा
42.	डॉ. संतोष भगवानराव नेवपुरकर, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
43.	वैद्य जयंत यशवंत देवपुजारी, नागपुर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
44.	डॉ. विनय वासुदेव वेलणकर, थाने (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
45.	डॉ. दमानिया पंचाभाई, जूनागढ़ (गुजरात)	कायचिकित्सा
46.	वैद्य अनिल भारद्वाज, चंडीगढ़ (पंजाब)	कायचिकित्सा
47.	वैद्य अच्युत कुमार त्रिपाठी, नोएड़ा (उत्तर प्रदेश)	कायचिकित्सा
48.	भारतीय संस्कृति दर्शन ट्रस्ट, पुणे (महाराष्ट्र) (वैद्य एस. पी. सरदेशमुख)	कायचिकित्सा (संस्थागत गुरू)
49.	आर्यवैद्य चिकित्सालयम् एवं अनुसंधान संस्थान, कोयम्बटूर (तमिलनाडु) (डॉ. पी.आर. कृष्णकुमार)	कायचिकित्सा (संस्थागत गुरू)
50.	आर्य वैद्य शाला, कोट्टाक्कल, (केरल) (डॉ. पी. माधवनकुट्टी वारियर)	कायचिकित्सा (संस्थागत गुरू)
51.	श्रीमती मनीबेन अमृतलाल हरगोवन सरकारी आयुर्वेद अस्पताल, अहमदाबाद (गुजरात), (डॉ. कंदर्प देसाई)	कायचिकित्सा (संस्थागत गुरू)

52.	श्रीधरीयम आयुर्वेदिक नेत्र अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, एर्नाकुलम (केरल) (डॉ. नारायण नम्बूदरी)	नेत्र चिकित्सा (संस्थागत गुरू)

(ख) सीआरएवीपाठ्यक्रम के शिष्यों का प्रवेश एवं प्रशिक्षण :

इस वर्ष के दौरान शिष्यों को प्रवेश देने के उद्देश्य से 30 जून, 2018 को पूरे देश के सभी प्रमुख समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। इसके अतिरिक्त सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों को इन विज्ञापनों की प्रतियाँ उनके सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करने के लिए भेजी गई थी। विज्ञापनों की प्रतियाँ पाठ्य–विवरणिका एवं अन्य नियमावली के साथ सभी गुरुजनों एवं शासी निकाय के सदस्यों को भी भेजी गई थी।

विज्ञापन के प्रत्युत्तर में लगभग 1265 आवेदनपत्र प्राप्त हुए और उनकी जांच की गई थी। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए 1247 पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेशपत्र जारी किए गए थे। परीक्षा 22 जुलाई, 2018 को दिल्ली,पटना, पुणे और त्रिशूर के पूर्व अनुमोदित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई थी। चारों केन्द्रों में कुल 1169 आवेदकों ने परीक्षा दी। लिखित परीक्षा के लिए 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों वाला प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी में तैयार किया गया था। योग्यता के आधार पर कुल 150 शिष्य चुने गए थे।

इस प्रकार निम्नलिखित 125 शिष्य 52 गुरुजनों के अधीन प्रशिक्षण ले रहे हैं। ब्यौरे निम्नलिखित हैं :

क्र.	गुरुजनों का नाम एवं स्थान	विषय	शिष्यों की संख्या
1.	डॉ. एल. सुचरिता, बेंगलुरु (कर्नाटक)	स्त्री रोग	01
2.	डॉ. विजयन नांगेलिल, कोथामंगलम् (केरल)	अस्थि एवं मर्म चिकित्सा	03

3.	डॉ. सी. सुरेश कुमार, त्रिवेन्द्रम (केरल)	अस्थि चिकित्सा	04
4.	डॉ. डी. रामानाथन, त्रिशूर (केरल)	फार्मेसी	03
5.	डॉ. विजय विश्वनाथ डोईफोडे, पुणे (महाराष्ट्र)	फार्मेसी	01
6.	डॉ. विवेक दत्तात्रेय साने, पुणे (महाराष्ट्र)	फार्मेसी	01
7.	डॉ. सूर्य प्रकाश शर्मा, कोलकता (पश्चिम बंगाल)	फार्मेसी	01
8.	डॉ. आई. भावदासन नम्बूदरी, कन्नूर (केरल)	नेत्र चिकित्सा	02
9.	डॉ. मुकुल पटेल, सूरत (गुजरात)	क्षारसूत्र	01
10.	वैद्य देवेन्द्र कुमार शाह, अहमदाबाद (गुजरात)	क्षारसूत्र	02
11.	डॉ. रमन सिंह, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	क्षारसूत्र	02
12.	डॉ. हेम राज शर्मा, ऊना (हिमाचल प्रदेश)	क्षारसूत्र	01
13.	डॉ. के. वी. एस. राव, भिलाई (छत्तीसगढ़)	क्षारसूत्र	03
14.	वैद्य सतपाल गुप्ता, अम्बाला छावनी (हरियाणा)	क्षारसूत्र	02
15.	डॉ. दिनेश चंद्र, कुरूक्षेत्र (हरियाणा)	क्षारसूत्र	01

16.	डॉ. लालता प्रसाद, बरेली (उत्तर प्रदेश)	क्षारसूत्र	02
17.	डॉ. हर्षवर्धन जोबनपुत्र, नाडियाड (गुजरात)	क्षारसूत्र	01
18.	वैद्य निमकर आनंद सदानंद, सतारा (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	02
19.	वैद्य सुविनय विनायक दामले, सिंधूदुर्ग (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	00
20.	डॉ. मणि भूषण कुमार, पटना (बिहार)	कायचिकित्सा	00
21.	वैद्य गोपीलाल टिटोनी, जबलपुर (मध्य प्रदेश)	कायचिकित्सा	02
22.	वैद्य बिनोद जोशी, हलद्वानी (उत्तराखंड)	कायचिकित्सा	02
23.	वैद्य अनिलकुमार दुबे, अहमदनगर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	02
24.	वैद्य नामधर शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा	02
25.	वैद्य. श्री श्री मां अनन्तानंद तीरथ, अहमदाबाद (गुजरात)	कायचिकित्सा	02
26.	डॉ. रमेश आर. वारियर, मदुरे (तमिलनाडु)	कायचिकित्सा	04
27.	डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश)	कायचिकित्सा	02
28.	डॉ. वी. श्रीकुमार, त्रिशूर (केरल)	कायचिकित्सा	02

29.	डॉ. रविशंकर परवजे, दक्षिणकंनडा (कर्नाटक)	कायचिकित्सा	04
30.	वैद्य दिनेशचंद्र डी. गोराडिया, मुम्बई (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	02
31.	वैद्य रामदास म्हालुजी अव्हाड़, अहमदनगर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	04
32.	डॉ. के. चिदंबरम, कन्याकुमारी (तमिलनाडु)	कायचिकित्सा	04
33.	वैद्य अश्वनी कुमार शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा	02
34.	वैद्य ताराचन्द शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा	02
35.	डॉ. नरेन्द्र गुजराती नारायणदास, जलगाँव (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	02
36.	डॉ. गंजम कृष्ण प्रसाद, सिकंदराबाद (तेलंगाना)	कायचिकित्सा	03
